**निरीक्षण** देश-विदेश के विख्यात संत होंगे शामिल, प्रभारी मंत्री ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

# भक्ति के महासागर रूपी संगम बनेगा जामसावली का हनुमान जन्मोत्सव, प्रभारी मंत्री ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 20 मार्च** - विश्वविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसावली में आगामी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को प्रदेश के ऊर्जा एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जामसावली पहुंचकर पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर में प्रसादम सेवा ग्रहण की। इसके पश्चात उन्होंने आगामी 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रमों की प्रशासनिक एवं जमीनी तैयारियों का सघन निरीक्षण किया।



**व्यवस्थाओं का निरीक्षण और दिशा-निर्देश:** प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने मंदिर परिसर में सभामंडप, श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, पार्किंग और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय रहते सभी सुविधाओं को स्थापित किया जाएं।

**निरीक्षण के दौरान यह रहे उपस्थित :** प्रभारी मंत्री के साथ इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड,कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ,पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश,जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड,एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, ट्रस्टी अजय धवले एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**देश-विदेश के विख्यात संत होंगे शामिल :** मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का जन्मोत्सव भक्ति के महासागर के रूप में आयोजित होगा। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें देश के प्रख्यात धर्मगुरु और कलाकार शिरकत करेंगे।

**उत्सव के प्रमुख आकर्षण :** 28 मार्च को आध्यात्मिक प्रबोधन में गुरुदेव विवेक महाराज द्वारा श्री हनुमत चरित्र पर व्याख्यान। इसी तरह 29 मार्च को श्रीराम कथा, जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के मुखारविंद से दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक 31 मार्च को सामूहिक सुंदरकांड संत श्री रसराज महाराज के सान्निध्य में 11 हजार श्रद्धालु करेंगे पाठ और 1 अप्रैल को भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वस्ति मेहुल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

**दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारी**

अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने नवभारत से चर्चा में कहा कि प्रशासन और मंदिर समिति समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत संगम तैयार करना है जो श्रद्धालुओं के लिए जीवन भर का अविस्मरणीय अनुभव रहेगा।

## लघु उघोग भारती बोरगांव ईकाई की बैठक सम्पन्न, विविध विषयो पर हुई चर्चा, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा हूये शामिल



**सौंसर 20 मार्च,** लघु उघोग भारती बोरगांव ईकाई के कार्यालय मे गत दिवस एक बैठक आयोजित कर विविध विषयो पर चर्चा कर उघोगपतियो की समस्या और उनका निराकरण किया गया. इस बैठक मे लघु उघोग भारती म प्र अध्यक्ष राजेश मिश्रा प्रमुख से उपस्थित हूए. बैठक मे श्री मिश्रा का शाल एवं श्रीफल देकर सत्कार स्वागत किया गया. बैठक मे स्थानीय औधोगिक क्षेत्र मे उघोगो को आने वाली विविध समस्याओ के निराकरण तथा स्थानीय समस्याओं राज्य तथा केंन्द्रीय समस्या वर्गीकृत करके उसका निपटारा करने का प्रयास किया गया. बैठक मे लघु उघोग भारती बोरगांव के अध्यक्ष दीपक हिम्मतरामका, सचिव वामन ठोम्बरे, उपाध्यक्ष मोहन ताजणे, कोषाध्यक्ष हर्षल पुण्यानी, सहसचिव संजय भेलकर, कार्यकारीणी सदस्य रितेश जैन, हर्षल ताजणे, ज्योतिन्द्र पटेल, राजगोपाल द्रविड, नितीन मोहिते, कल्पेश जैन, राजीव जैन सहीत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

## सड़क हादसे ने उजाड़ा परिवार,बेटे के बाद अब उपचार के दौरान पिता ने भी तोड़ा दम

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 20 मार्च,** हाइवे पर हेरिटेज लॉन के पास हुए भीषण सड़क हादसे मे गंभीर रूप से घायल हुए पिता ने जीवन और मृत्यु से संघर्ष करते हुए दम तोड़ दिया। मालूम हो कि गुरुवार को हादसे के वक्त पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल पिता का इलाज महाराष्ट्र के सावनेर में चल रहा था। इस घटना के बाद ग्राम वाघोड़ा में शोक की लहर है।

**उपचार के दौरान हुई मौत-**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाघोड़ा निवासी नामदेव शेडामें अपने पुत्र पुषराज के साथ बाइक से साप्ताहिक बाजार में खरीदी के लिए सौसर आ रहे थे,तभी एक महिंद्रा तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में पुषराज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि नामदेव शेडामें गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें सौसर के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महाराष्ट्र के सावनेर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहा बीती रात जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते हुए नामदेव ने भी अंतिम सांस ली।

**गांव में पसरा सन्नाटा -**

एक ही परिवार के दो सदस्यों पिता और पुत्र की इस सड़क हादसे में मौत से पूरे वाघोड़ा सहित क्षेत्र में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में वाहन चालक की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई -**

सौसर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पिता की मृत्यु के बाद अब पुलिस इस मामले में अग्रिम धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और सावनेर से डायरी आने के बाद टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के तैयारी में है।

सावधान रहने ग्रामीणों को किया अलर्ट

# सौसर क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट,तीनखेड़ा में दो बछड़ों का शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 20 मार्च** - औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तीनखेड़ा और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। तेंदुए की सक्रियता ने क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, जिससे किसान और ग्रामीण अब अपने खेतों में जाने से भी कतराने लगे हैं।

**दो दिनों में दो शिकार**

जानकारी के अनुसार, ग्राम तीनखेड़ा में पिछले दो दिनों के भीतर तेंदुए ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो बछड़ों का शिकार किया है। तेंदुए के इस हिंसक रुख से पशुपालकों में दहशत स्पष्ट देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ रिहायशी क्षेत्र के काफी करीब पहुंच रहा है, जिससे भविष्य में किसी जनहानि की संभावना से इंकार नहीं किया जा है।

**वन विभाग ने की पुष्टि**

क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि स्वयं वन विभाग के अमले ने की है। पदचिन्हों और शिकार के तरीके के आधार पर वन विभाग ने माना है कि क्षेत्र में तेंदुआ सक्रिय है और लगातार अपनी जगह बदल रहा है।



**सावधान रहें ग्रामीण- वन विभाग की अपील**

मामले की गंभीरता को देखते हुए उपवन मंडल अधिकारी प्रमोद कुमार चोपड़े ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वह अकेले सुनसान इलाकों या खेतों की ओर न जाएं। ?रात के समय घरों से बाहर निकलते वक्त समूह में रहें और टॉर्च या लाठी का प्रयोग करें। पालतू पशुओं को सुरक्षित कोठे में बांधें। ?तेंदुए की किसी भी प्रकार की हलचल या आहट दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग के अमले को सूचित करें।

बहरहाल,वन विभाग की टीम तेंदुए के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। गौरतलब हो कि क्षेत्र में पहली बार हिंसक वन्यप्राणियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है। जबकि इसके पूर्व देखा गया कि वन्यप्राणि फरवरी माह के अंत तक क्षेत्र से दूर जंगल की ओर चले जाते थे।

## चैत्र नवरात्रि पर श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा, 150 किमी का पैदल यात्रा कर पहुंचेगी कर्पूदा मंदिर



**सौंसर 20 मार्च** - चैत्र नवरात्री के प्रथम दिन क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री चमत्कारिक श्री हनुमान मंदीर जामसावली से चौरई कपूरादा मंदीर तक माता रानी के अनन्य भक्त संदीप रघुवंशी द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई. श्री रघुवंषी ने श्री हनुमान जी से आशिर्वाद लेकर चुनरी यात्रा प्रारंभ की. इस दौरान गावंडेज मध्यभारत के डॉ. राजेश गावंडे ने श्री रघुवंशी का स्वागत किया गया. यह यात्रा 150 किमी तक पैदल चलेगी.

## संकल्प से समाधान शिविर महज खानापूर्ति,एसडीएम ने जताई नाराजगी.



**सौंसर 20 मार्च,** नगर पालिका परिषद एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान शिविरों की जमीनी हकीकत देखकर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने आयोजकों और मैदानी अमले की जमकर क्लास ली। शिविरों में कामकाज के नाम पर हो रही खानापूर्ति और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने दो टूक कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**निराकरण के बजाय केवल औपचारिकता** -अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में आयोजित शिविर के दौरान यह बात सामने आई कि पंचायत एवं क्लस्टर स्तर पर प्राप्त आवेदनों का न तो समय पर निराकरण किया गया और न ही हितग्राहियों को संतोषजनक समाधान मिला। अधिकांश मामले फाइलों में ही दबे नजर आए। एसडीएम श्री पटेल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा,शासन की प्राथमिकता वाले इस अभियान को केवल कागजी औपचारिकता में बदलना गंभीर लापरवाही है।

**लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी** - निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मैदानी अमले को सख्त निर्देश दिए कि,प्रत्येक शिविर का वास्तविक और अद्यतन डाटा तैयार किया जाए। हर आवेदन का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणिक निराकरण सुनिश्चित हो।भविष्य में आंकड़ों में गड़बड़ी या काम में ढिलाई पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**इनकी रही उपस्थिति** - शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद्र डागा के हाथों हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंक मिश्रा, खंड पंचायत निरीक्षक सुभाष ठाकरे सहित विभिन्न पंचायतों के सचिव एवं

# दो दोस्तों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला,एक युवक नागपुर रेफर

**नवभारत न्यूज,**

**पांढुरना,20 मार्च,** नगर के बस स्टैंड में शुक्रवार की शाम दो दोस्तों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया,एक युवक ने दूसरे पर लोहे की हूक से किए गए प्राणघातक हमले में बुरी तरह जख्मी हुए ग्राम गुजरखेडी निवासी सुनील सलामें 35 को प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया है,वहीं इसे मारने वाले युवक को पुलिस ने पकड अभिरक्षा में रखा है ।



प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार की शाम लगभग 6ः37 बजे ग्राम गुजरखेडी निवासी निवासी युवक सुनील सलामे 35 पर नगर में रहने वाले इसके साथी के बीच विवाद होने लगा,देखते ही देखते इस युवक ने सुनील सलामें पर लोहे की हुक से इसकी छाती तथा गल्ले पर हमला कर दिया,जिससे खून से लहूलुहान हालत में सुनील को जनसहयोग से नगर के स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां इसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया है,जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रहीं है,वहीं हमला करने वाला युवक ग्राम जुनापानी ढाना निवासी विलास कुसराम बताया जा रहा है,जिसे पुलिस ने पकड़ अभिरक्षा में रख इससे पुछताछ कर रहीं है ।

## संकीर्तन हमें अंदर से पवित्र करता है : रितिका नागर

### मोहगांव हवेली में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**नवभारत न्यूज**

**सौसर 20 मार्च** - तहसील मुख्यालय के समीपस्थ नप.मोहगांव हवेली स्थित आदिशक्ति मां भवानी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीगणेश हुआ। वृंदावन की सुप्रसिद्ध भागवताचार्य बाल विदुषी रितिका नागर के मुखारविंद से कथा का रसपान करने क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

**गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा**

कथा के प्रथम दिन मां भवानी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भजन मंडलियों की सुमधुर प्रस्तुतियों और गाजे-बाजे के साथ यह यात्रा अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंची। यहाँ कथा व्यास रितिका नागर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, जिसके पश्चात शोभायात्रा पुनः प्रवचन पंडाल पहुंची।

**चिंता नहीं, चिंतन करना सिखाती है भागवत**

प्रथम दिन की कथा में भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए रितिका नागर ने कहा कि,मनुष्य अपने शरीर को बाहर से स्वच्छ रखने के लिए कई प्रकार के जतन और साबुनों का प्रयोग करता है, लेकिन आत्मा को अंदर से पवित्र करने का एकमात्र साधन प्रभु का संकीर्तन है। उन्होंने सत्-चित्-आनन्द की व्याख्या करते हुए कहा कि आज का मनुष्य चिंता अधिक करता है और चिंतन कम। श्रीमद् भागवत कथा हमें विकारों को त्यागकर प्रभु का चिंतन करना सिखाती है।



**27 मार्च को होगा भव्य भंडारा**

मंदिर समिति ने बताया कि चैत्र नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत यह कथा आगामी 26 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक चलेगी। महोत्सव का समापन 27 मार्च को होगा, जिसमें दोपहर 12 बजे से हभप अशोक महाराज द्वारा गोपाल काला हरिकीर्तन किया जाएगा, जिसके पश्चात विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन होगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तिगांव**

**जनपद पंचायत पांढुर्णा जिला पांढुर्णा मध्यप्रदेश**

क्रमांक /Q/ ग्राम पंचा. तिगाव 2026 दिनांक 10/03/2026

**-:निलामी विज्ञप्ति :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचीत किया जाता है कि ग्राम तिगाव का साप्ताहीक जनबाजार फिस वसुली का ठेका वर्ष 2026-2027 (01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027) तक के लिऐ 23/03/2026 दिन सोमवार को दोपहर 12:00 बजे से कार्यालय ग्राम पंचायत तिगाव मे निलामी कि जावेगी। इच्छुक व्यक्ती निर्धारीत समय पर उपस्थित रहकर प्रतिभुती राशी साप्ताहीक बाजार के लिऐ 40000 ( चालीस हजार रूपये ) जमा कर बोली लगा सकते है।

निलामी कि शर्ते कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

**मनोहर देशमुख** सचिव ग्राम पंचायत तिगांव
**शामरावजी कवडेती** उपसरपंच ग्राम पंचायत तिगांव
**उषाबाई कुमरे** सरपंच ग्राम पंचायत तिगांव


## विज्ञान मंथन यात्रा में चयनित सरस्वती स्कूल की छात्रा कुमारी कीर्ति कामड़े का पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री ने किया सम्मान

**नवभारत न्यूज,**

**पांढुरना 20 मार्च,** विज्ञान मंथन यात्रा के तहत देश की राजधानी दिल्ली के विज्ञान केंद्र का भ्रमण एवं ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों से मिलने जाने वाली योजना में नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा कुमारी कीर्ति कामड़े का चयन होने पर पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नाना मोहोड़ एवं स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों ने इस बालिका को सम्मानित कर उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की।



गौरतलब हो कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि विकसित कर भारतीय वैज्ञानिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के मुख्य उद्देश्य से प्रदेश के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को मध्य प्रदेश मिशन एक्सीलेंस अभियान के तहत मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की महत्वाकांक्षी विज्ञान मंथन यात्रा के तहत राजधानी दिल्ली सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्रमुख विज्ञान केंद्रां का भ्रमण कर देश के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों मिलेंने का अवसर दिया जाता है।

बीते शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्रा कुमारी कीर्ति कामड़े ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर इस विज्ञान मंथन यात्रा में इस छात्रा का चयन हुआ है। नगर के घनपेठ वार्ड में रहने वाली इस बालिका के पिता दिहाडी श्रमिक है तो वहीं माता घर में कपड़ों की सिलाई का कार्य करती है,इनकी लडकी द्वारा दसवी बोर्ड की परीक्षा में इतने अच्छें अंक अर्जित कर इसे अब इसका विज्ञान मंथन यात्रा में चयन होने पर यह पहली बार आगामी 20 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक देश की राजधानी दिल्ली में रहते हुए वहां के विज्ञान केंद्र भ्रमण कर वैज्ञानिकों से रूबरू मिलने का अवसर मिलने पर मध्य प्रदेश सरकार को ध्यनवाद प्रेषित कर यह पूरा परिवार अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहे है।

इस बात की जानकारी लगते ही बीते दिवस प्रदेश के पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ तथा नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के अध्यक्ष दत्ताभाऊ बंसोड़,प्राचार्य दिलीप राऊत सहित अन्य शिक्षकों ने इस बालिका कीर्ति कामड़े तथा इसकी माँ का पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मान करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## आंधी रात बाद बरसे पानी,आंधी तूफान से किसानों के खेतों में खडी गेंहू की फसल बर्बाद, संतरा बानागों में हुई क्षति

**नवभारत न्यूज,**

**पांढुरना,20मार्च,** आंधी रात बाद नगर जिला मुख्यालय सहित अंचल के ग्रामों में तेज आंधी तूफान के साथ लगभग एक घंटे तक कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम हुई बारिश से मौसम में ठंडक बढने से बीते एक पखवाड़े से जारी भिषण गर्मी तथा गर्म हवाओं के थपेड़ों से राहत मिली, लेकिन किसानों के खेतों में खडी गेंहू की फसले तथा संतरा बागानों के पेड़ों से संतरा फल गिरने से बहुत अधिक नुकसान हुआ है।

गुरूवार के दोपहर बाद पांढुरना के नांदनवाडी,अंबाड़ा सहित आसपास के ग्रामों में बारिश के साथ ही चन्हें तथा सोयाबीन के आकार के ओले भी गिरे वहीं गुरूवार शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग 1 बजे से 2ः15 बजे तक पांढुरना नगर जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामों में तेज आंधी,तूफान तथा आकाशीय गर्जना के साथ कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश हुई,हालांकि इस दौरान कहीं भी ओले गिरने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

ग्राम हिवरा पृथ्वी राम में रहने वाले प्रगतिशील किसान हरनाम सिंह सेंगर ने बताया कि बीते रात हुई बारिश से तो कम लेकिन आंधी तूफान के चलते अधिकांश किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसलें तथा संतरा बागानों के पेड़ों से संतरा फल गिरकर पूरी तरह खराब होने से इन किसानों को बहुत अधिक क्षति हुई है। वहीं इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई,जिसे पूर्ववत प्रारंभ कराने में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पडी ।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खमरा जनपद पंचायत बिछुआ जिला छिंदवाडा**

क्र./126/साप्ताहिक जन बाजार नीलामी /2026 खमरा दिनांक - 16/03/2026

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खमरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक साप्ताहिक जन बाजार वसुली ठेका की नीलामी किया जाना है नीलामी में भाग लेने वाले इक्छुक ठेकेदार दिनांक-23/03/2026 दिन सोमवार को समय 12.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत खमरा में उपस्थित होकर पंजीयन करवा कर अमानत राशि जमा कर दोपहर 12:30 बजे से नीलामी में भाग लेकर अपनी बोली प्रस्तुत कर सकता है।

| क्र. | ठेके का नाम | नीलामी दिनांक | अवधि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | साप्ताहिक जन बाजार वसुली ठेका | 23.03.2026 | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 100000/- |

शर्ते :-

1. नीलामी में भाग लेने से पूर्व ग्राम पंचायत के समस्त बकाया करो के भुगतान की रसीद प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
2. उक्त नीलामी हेतु अमानत राशि नीलामी से आधा घंटे पूर्व पंजीयन कर ग्राम पंचायत में जमा करना अनिवार्य होगा ।
3. अमानत राशि जिसके द्वारा जमा की जावेगी बोली में वही व्यक्ति भाग ले सकेगा प्रतिनिधि मान्य नहीं होगा ।
4. बाजार नीलामी से संबधित समस्त नियम व शर्ते की जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।
5. नीलामी में भाग लेने हेतु व्यक्ति को पंजीयन एवं अमानत राशि जमा करते समय स्वयं का आधार, परिचय पत्र, समग्र परिवार आई डी, पासपोर्ट साइज् 1 फोटो लाना अनिवार्य है ।
6. नीलामी में डिफाल्टर ठेकेदार एवं सहयोगी वसुली करने वाला भी नीलामी में भाग नहीं ले सकते।

**हेमंत दुबे** सचिव ग्राम पंचायत खमरा
**विजय साहू** ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खमरा
**श्री पारस चौरसिया** उप सरपंच ग्राम पंचायत खमरा
**श्री सकरलाल धुर्वे** सरपंच ग्राम पंचायत खमरा